**दिनांक : 09.11.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते में अंतरित किये 1 हजार 573 करोड़ रूपये ।
- शिक्षा में निवेश समाज की सेवा करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है, कहा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट, सुबह और रात के समय होने लगा सर्दी का एहसास।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी–ट्वेंटी श्रृंखला का दूसरा मैच कल केब्राहा में खेला जाएगा।

**समाचार विस्तार सेः–**

**म,ख्यमंत्री– लाडली बहना राशि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, गैस रीफिल एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 करोड़ 10 लाख हितग्राहियों के खातें में 1961 करोड़ रूपये अंतरित किये। इसमें 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 573 करोड़ रूपये, 26 लाख बहनों के खातों में सिलेंडर रीफिल की राशि 55 करोड़ रूपये और 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 333 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा ग्रामीण हाट बाजार, इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में 450 से अधिक दिव्यांगजनों को लैपटॉप, मोटोराइज्ड ट्रॉयसाइकल सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिये विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं।

**उपराष्ट्रपति–एनआईटी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा में निवेश समाज की सेवा करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। उन्होंने कहा कि इससे मानव संसाधन समृद्ध होने के साथ हमारे वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रहते हैं। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चौथे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि शिक्षा देश की समृद्ध और सदियों पुरानी विरासत को फिर से खोजने की शक्ति देती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा को कभी भी व्यापार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी ने बिना किसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के उद्योग में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं।

**विधिक सेवा दिवस**

आज देश भर में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया। लोगों में कानूनी जागरूकता लाने और सभी नागरिकों विशेषकर हाशिये पर रह रहे समुदायों के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। वंचित और हाशिये पर रह रहे लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आठ नवम्बर 1995 को विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम बनाया गया था। इस ऐतिहासिक कानून के परिणामस्वरूप उसी वर्ष पांच दिसम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई, तब से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। रायसेन में इस अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । वहीं देवास में "न्यायोत्सव–विधिक सेवा सप्ताह" अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**विश्व टीकाकरण दिवस**

दुनिया भर में कल विश्व टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य संक्रामक रोगों की रोकथाम और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा में टीकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत ने अपनी टीकाकरण पहलों के माध्यम से पोलियो और मातृ एवं नवजात टेटनस सहित कई घातक बीमारियों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में भारत 93 दशमलव 23 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण कर चुका है। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से पोलियो, खसरा और हेपेटाइटिस बी सहित 12 बीमारियों के मुफ्त टीके लगाए जाते हैं।

**स्थापना दिवस**

"एक भारत–श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस आज राजभवन में समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में उत्तराखंड मूल के भोपाल निवासी नागरिकों ने उत्तराखंड के लोक गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी। इस मौके पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के संदेश, उत्तराखंड एवं मध्यप्रदेश राज्यों की लघु फिल्मों का प्रसारण भी किया गया।

**गोपाष्टमी**

आज गोपाष्टमी का पर्व है। हिंदू धर्म में गोपाष्टमी का विशेष महत्व है। आज के दिन भगवान कृष्ण और गौ माता की पूजा–अर्चना की जाती है। जिससे जातक को गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही सुख–समृद्धि में वृद्धि होती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बैतूल में गोपाष्टमी पर्व पर भारत भारती गौशाला में श्रद्धालुओं ने गौमाताओं का पूजन किया।

## हज यात्रा

सरकार ने हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार कर कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के माध्यम से महिलाओं की समानता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे कि अधिक महिलाएं स्वतंत्र रूप से हज यात्रा पर जा सकती हैं। विशेषकर कम आय वाले लोगों के लिए हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रावधान किये गए हैं।

विशेषकर महिलाओं के लिए सुगम्यता को बेहतर बनाने के वास्ते हज यात्री सहायता कार्यक्रम शुरू किये गए हैं। इस वर्ष जनवरी में एक द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। उसके अनुसार इस वर्ष भारत से एक लाख 75 हजार से अधिक हज यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया था। इसमें से लगभग एक लाख 40 हजार हज यात्री हज कमेटी के माध्यम से हज पर गए थे।

## मौसम

प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है, फिलहाल अभी प्रदेश में ठंड का असर कम है। लेकिन सुबह और रात के समय सर्दी का एहसास होने लगा है। मौसम केन्द्र भोपाल के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चल रही पूर्वी हवाएं प्रदेश में आती रहेंगी। इसके चलते उत्तरी हवाएं नहीं आने से ठंड का असर ज्यादा नहीं बढ़ेगा। कुछ शहरों में रात का तापमान सामान्य से एक से डेढ़ डिग्री तक अधिक रह सकता है। मौसम विभाग ने नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में ग्वालियर–चंबल संभाग में बारिश का अनुमान जताया है। जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग में मौसम खुला रहेगा। हालांकि, यहां दिन गर्म और रातें ठंडी रहेंगी। सबसे ज्यादा ठंड पचमढ़ी और अमरकंटक में पड़ेगी। यहां तापमान 10 डिग्री से नीचे जा सकता है।

## टी–ट्वेंटी क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी–ट्वेंटी श्रृंखला का दूसरा मैच कल केब्राहा में खेला जाएगा। पहले टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच में भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 61 रन से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में एक–शून्य की बढत ले ली है।

## समाचार संक्षेप में .....

- जल शक्ति अभियान के तहत नीमच जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 6 से 17 नवम्बर तक जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास परियोजना के बारे में जागरूकता के लिये शिवपुरी जिले में 16 से 21 नवंबर तक वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन किया जाएगा ।
- शहडोल संभाग में 4 नई सड़कों के निर्माण की तैयारी है। सांसद हिमाद्री सिंह ने बताया कि एमपीआरडीसी के माध्यम से बुढ़ार से अमरकंटक लगभग 80 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है।
- सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर आज रतलाम में शिविर आयोजित कर कई प्रकरणों का निराकरण किया गया।

- स्वच्छ भारत मिशन 2024 के तहत खंडवा नगर निगम द्वारा एकदिवसीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत "स्वच्छ दीवार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने आज आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया स्थित विश्व के पहले कामधेनु गौ–अभ्यारण्य में कहा कि भविष्य में आगरमालवा धार्मिक पर्यटन के रूप मे विकसित होगा।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते में अंतरित किये 1 हजार 573 करोड़ रूपये ।
- शिक्षा में निवेश समाज की सेवा करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है, कहा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट, सुबह और रात के समय होने लगा सर्दी का एहसास।

और

- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी–ट्वेंटी श्रृंखला का दूसरा मैच कल केब्राहा में खेला जाएगा।

.....................

————————————